फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज और मुकुल माधव फाउंडेशन को मिला 'बेस्ट सीएसआर इंटीग्रेटेड बिजनेस' पुरस्कार

■ एजेंसी, पुणे। भारत में पीवीसी पाइप्स्ट और फिटिंग्स की प्रमुख निर्माता कंपनी फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एफआईएल), को अपने सीएसआर साझीदार मुकुल माधव फाउंडेशन (एमएमएफ) के साथ 'बेस्ट सीएसआर इंटीग्रेटेड बिजनेस' पुरस्कार से नवाजा गया है। उन्हें यह पुरस्कार नेशनल सीएसआर लीडरशिप कांग्रेस अवॉर्ड्स द्वारा सीएसआर और स्थायित्व में सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिये संगठनात्मक श्रेणी के अंतर्गत प्रदान किया गया है। 20 सितंबर को बेंगलुरू में, इस पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया था। फ़िनोलेक्स इंडस्ट्रीज को सामुदायिक विकास के उल्लेखनीय कार्यों के साथ ही अपने सीएसआर साझीदार मुकुल माधव फाउंडेशन के साथ मिलकर इसे अपनी रोजमर्रा के कारोबारी अभ्यास का हिस्सा बनाने के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। एफआइएल और एमएमएफ में हमेशा स्वास्थ्य , शिक्षा और सामाजिक कल्याण के माध्यम से समुदायों के संपूर्ण विकास पर फोकस किया जाता है। इसके जरिये वंचितों को सुविधाएं मुहैया कराई जाती हैं।